## एक नजर में

### गड्ढे, खराब सड़कों को 10 दिन में सुधारें, नहीं तो होगा आंदोलन




**उज्जैन।** अधिकारियों की लापरवाही और नगर निगम के भाजपा बोर्ड की अनदेखी के चलते टाटा ने पूरे शहर की सड़कों को गड्ढों में बदलकर रख दिया है, अब इन गड्ढों, खराब सड़कों पर गिरकर लोग घायल हो रहे हैं, दुर्घटनाएं हो रही हैं। यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्पित यादव ने कहा कि उज्जैन शहर का कोई भी रास्ता सुरक्षित नहीं बचा। 2 साल का काम 8 साल में भी पूरा नहीं करने वाली टाटा को ब्लैक लिस्टेड करने में ही इतना समय लगा दिया कि जब तक उसने पूरे शहर का कबाड़ा कर दिया। अब आम आदमी का सड़क पर निकलना और वापस घर पहुंचना दुष्कर हो गया है। अर्पित यादव ने आम जनता से अनुरोध किया कि गाड़ी सावधानी पूर्वक चलाएं क्योंकि सरकार को आपकी चिंता नहीं है, आप स्वयं, अपनी, अपने परिवार की चिंता रखिये, सुरक्षित घर पहुंचिये। साथ ही अर्पित यादव ने स्मार्टसिटी प्रोजेक्ट के प्रशासनिक अधिकारी, नगर निगम के अधिकारियों को निवेदन कि जल्द से जल्द खुदी हुई सड़कों को दुरूस्त करें। आवागमन सुलभ बनाये। साथ ही चेतावनी दी कि यदि 10 दिन में सड़कें सही नहीं हुई तो यूथ कांग्रेस द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा, चक्काजाम किया जाएगा।

### विधायक ने किया सीसीरोड निर्माण का भूमिपूजन

**खाचरौद।** विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान ने नगर में विधायक निधि से करवाए जा रहे विकास कार्यों के अंतर्गत वार्ड 11 रामातलाई में विधायक निधि से 8 लाख रु की लागत राशि से बनने वाली सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन वार्ड वासियों के साथ किया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, भाजपा नेता राधेश्याम बंबोरिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अश्विन डिंडोरकर, पार्षदगण जय जायसवाल, राकेश राठौर, बद्रीलाल संगीतला, राजेंद्र धाकड़, भाजपा महामंत्री नितेश संगीतला सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ध्वजारोहण के साथ किया सुंदरकांड का आयोजन







**माकड़ौन।** नगर की अयोध्या परंपरा का अनुसरण करते हुए ग्राम कड़ोदिया में श्री राम मंदिर पर ध्वजारोहण किया गया तथा सुंदरकांड का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद लगभग 40 वर्षों में पहली बार गांव को यह दिव्य अवसर मिला और ग्रामवासियों ने जो उत्साह, अनुशासन व एकता प्रदर्शित की, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। ग्राम कड़ोदिया के लोग अपने समर्पण, आस्था और धर्मप्रेम के कारण विशेष बधाई के पात्र हैं। उन्होंने पूरे गांव को भक्ति के रंग में रंग दिया। चाहे युवा हों या बुजुर्ग सबने एक साथ मिलकर ऐसा आयोजन किया जिसने ग्राम की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इस पावन अवसर पर प्रभु श्रीराम के आदर्श जीवन को भी हृदयपूर्वक स्मरण किया गया। मर्यादापुरुषोत्तम राम का जीवन त्याग, सत्य, धैर्य और करुणा की अमर मिसाल है। जिस प्रकार रामजी ने धर्म की रक्षा करते हुए समाज को आदर्श मार्ग दिखाया, उसी प्रकाश से ग्राम कड़ोदिया का यह उत्सव भी आलोकित हुआ। रामजी की मर्यादा और आदर्शों की झलक पूरे कार्यक्रम में दिखाई दी मानो सम्पूर्ण वातावरण 'जय श्री राम' की ऊर्जा से भर गया हो। भक्ति सागर भजन परिवार कड़ोदिया माकड़ौन ने विवाह पंचमी के विशेष भजनों की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में दिव्यता बढ़ा दी और उपस्थित भक्तगण मंत्रमुग्ध हो उठे।

### संतोष वर्मा के बयान की निंदा, गिरफ्तार करने की मांग



**उज्जैन।** संपूर्ण मध्य प्रदेश में अजाक्स के प्रांताध्यक्ष आईएएस अफसर संतोष वर्मा के इस बयान पर की जब तक ब्राह्मण अपनी बेटी को दान न दे तब तक आरक्षण मिलता रहे कि अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा उज्जैन संभाग ने निंदा कर घोर आक्रोश जताया और कहा कि यह ब्राह्मण महिलाओं का अपमान है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा उज्जैन संभाग अध्यक्ष महेंद्र सिंह बैंस ने बताया कि संपूर्ण राजपूत समाज की ओर से घोर निंदा करते हुए इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को मेल भेज कर आईएएस सन्तोष वर्मा के खिलाफ कार्रवाई कर उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की है। ब्राह्मण समाज और राजपूत समाज के योग्य युवा युवती आरक्षण से पहले से ही परेशान हैं। उस पर यह बयान पूरे स्वर्ण समाज पर जले पर नमक छिड़कने जैसा है। सन्तोष वर्मा का यह राष्ट्रविरोधी बयान ओछी और संकीर्ण मानसिकता का परिचायक है और अक्षम्य है। मध्य प्रदेश सरकार इस मामले में कड़ी से कड़ी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करें ताकि भविष्य में कोई भी उद्दंड अधिकारी ऐसे भड़काने वाले और समाज को तोड़ने वाले बयान जारी न करें संतोष वर्मा को गिरफ्तार कर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए।

# अनिश्चितकालीन धरना स्थल पर महिला कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता

**▸ आरोपी शराब के नशे में महाकाल आने वाले श्रद्धालुओं को कर रहे परेशान**



**उज्जैन। विगत पांच माह से रोजगार बंद होने के विरोध में नरसिंह घाट चौराहे पर धरने पर बैठी महिलाओं के साथ असामाजिक तत्वों द्वारा शराब के नशे में गाली गलौज, अभद्रता की जा रही है जिसके विरोध में महिलाओं द्वारा पुलिस अधीक्षक को शिकायत दर्ज कराई है।**

हाथ ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी संघ महाकाल द्वारा पथ विक्रेता कानून 2014 लागू करने तथा पथ विक्रेताओं को स्वतंत्रता से राजगार करने दिया जाए की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है। धरना स्थल के पास ही सोडा पानी का ठेला संचालित करने वाले चुन्ना के साथी विकास पंवार, संतोष कहार व अन्य दो लोगो द्वारा प्रतिदिन शराब पीकर बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को अपशब्द बोलते है वहीं पर लोगो से विवाद करते बिच सडक पर ठेला खड़ा कर यातायत बाधित करते है। चुन्ना और विकास पंवार व अन्य दो साथी के साथ मिलकर संतोष कहार को शराब पिलाकर धरना स्थल पर बैठी महिलाओं के साथ धरना स्थल पर लगे टेन्ट उखाड़ने, फ्लेक्स फाड़ने, आए संतोष कहार का विरोध किया तो महिला कार्यकताओं भी अपशब्द बोलकर अभद्रता की, गालिया दी। जिसकी शिकायत थाना महाकाल को की गई। जिस पर असमाजिक तत्वों के भाग जाने पर सिर्फ संतोष कहार को थाने पर बिठाया गया और बाद में बिना किसी कार्यवाही के थाने से छोड दिया गया। महिलाओं ने कहा कि कोई भी कार्रवाई नहीं होने से शराबखोर नशेडी चुन्ना, विकास पंवार, संतोष कुहार व अन्य के हौसले बुलंद है। पुलिस प्रशासन का इनमें कोई डर, भय नहीं है बाबा महाकाल की नगरी में रात्रि के समय उधम करके शहर की छबि खराब करते हैं। ऐसे असमाजिक तत्व शराबी, नशेड़ी चुन्ना, विकास पंवार, संतोष कहार व दो अन्य व्यक्ति पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री वर्षा कछवाय के साथ साथ माया जाट, सुमित्रा चौहान, मंजू चौहान, विवेक लोधी, रामकुंवर, कालूराम, लक्ष्मी चौहान चंचल बैरागी, ममता चौहान, मधु लोधी, अर्जुन कहार आदि ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि इस मामले में गंभीरता से संज्ञान लेते हुए महिलाओं से अभद्रता करने वाले आरोपीयों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।



## डॉ. राजेन्द्र नागर ने स्टेट बेंच प्रेस चैंपियनशिप में विशेष पदक जीता

**उज्जैन।** इंदौर रोड स्थित एक निजी होटल में मध्य प्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा दो दिवसीय राज्य स्तरीय क्लासिक बेंच प्रेस चैंपियनशिप-2025 का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में उज्जैन के डॉ. राजेन्द्र नागर (एम.डी.) ने मास्टर ग्रुप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विशेष पदक अपने नाम किया।

उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन अब राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली बेंच प्रेस प्रतियोगिता के लिए हो गया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. राजेन्द्र नागर वर्ष 2024 में जिला पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में स्वर्ण और रजत पदक जीतकर अमूल्य विजेता बने थे तथा उन्होंने नई पीढ़ी के खिलाड़ियों को प्रेरित करने का कार्य किया है। इसके बाद अगस्त 2025 में उन्होंने जिला स्तरीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 3 स्वर्ण और 1 रजत सहित कुल 4 पदक जीतकर इतिहास रच दिया था।

## पूर्व पार्षद ने की एसआईआर फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग

**उज्जैन।** सरकार की मंशा के अनुरूप एसआईआर फॉर्म भरने की प्रक्रिया इन दिनों जारी है। शहरवासियों में फॉर्म भरने को लेकर उत्साह देखा जा रहा है, परंतु कई लोग अब तक अपना एसआईआर फॉर्म जमा नहीं कर पाए हैं।

इसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए पूर्व पार्षद कुतुब फातेमी ने कलेक्टर से एसआईआर फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने मांग की है कि कलेक्टर इस मामले को संज्ञान में लेते हुए छूटे हुए नामों की नई सूची जारी करें, ताकि सभी पात्र लोग समय पर और आसानी से अपना एसआईआर फॉर्म भर सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसा करने से शासन की मंशा के अनुरूप पूरा कार्य सुचारू और व्यवस्थित रूप से पूर्ण हो सकेगा।

## शादी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाली लुटेरी महिला गैंग की सरगना जयपुर से गिरफ्तार



**उज्जैन। 22 अगस्त 2025 को फरियादी रतनलाल पिता रमेशचन्द्र सेन, निवासी ग्राम खरसोदकलां ने थाना भाटपचलाना पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पुत्र जितेन्द्र सेन के विवाह हेतु परिचित विष्णुबाई धाकड़ द्वारा लड़की नेहा (वास्तविक नाम पूजा) निवासी नागदा दिखाकर विवाह तय कराया गया।**

विवाह के एवज में गैंग के सदस्यों विष्णुबाई, उसका पति रामचन्द्र, पूजा उर्फ नेहा, उसका पति विनोद, आशाबाई तथा जस्सु उर्फ राजू ने मिलकर षड्यंत्रपूर्वक 1 लाख 50 हजार रुपये की मांग कर रकम प्राप्त की और फरियादी से धोखाधड़ी की। उक्त रिपोर्ट पर से थाना भाटपचलाना पुलिस द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। उसी दिन भाटपचलाना पुलिस द्वारा दबिश देकर आरोपी रामचन्द्र, जस्सु, विष्णुबाई एवं पूजा उर्फ नेहा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 40,000 रुपये जब्त किए गए। शेष राशि फरार आरोपियों आशाबाई एवं विनोद के पास होना पाया गया। लुटेरी गैंग की मुख्य सरगना आशाबाई, जो घटना दिनांक से फरार थी एवं जिस पर 5 हजार रुपये का ईनाम घोषित था को साइबर तकनीक के माध्यम से जयपुर (राजस्थान) से गिरफ्तार किया गया। सराहनीय भूमिका थाना प्रभारी सतेन्द्र सिंह चौधरी, उनि प्रतीक यादव, सउनि शैतान सिंह डिंडोर, प्रधान आरक्षक पुष्पराज सिंह, आरक्षक नवीन जादम, महिला आरक्षक मोनिका राव, सपना राठौर, सीमा सिंगाड का महत्वपूर्ण रही।

# कलेक्टर ने विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की



**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा मंगलवार को प्रशासनिक संकुल के सभाकक्ष में विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई। उज्जैन निवासी सोहन सिंह ने आवेदन दिया कि वे मोहन नगर आगर रोड में किराये के मकान में रहते है। उनके मकान मालिक द्वारा एक निजी कंपनी से ऋण लिया गया था।

समय पर मकान मालिक द्वारा किस्त जमा न करने पर कंपनी ने उनके मकान पर कब्जा कर लिया। जिस भाग में वे किराये से रह रहे थे उस पर भी कब्जा कर ताला लगा दिया गया है। मकान में उनके किराये वाले हिस्से में उनका घर का सभी सामान और आवश्यक वस्तुएं रखी हुई हैं। फाइनेंस कंपनी द्वारा नोटिस दिए बगैर उनके किराये वाले हिस्से पर ताला लगा दिया गया है जिस वजह से वे बेघर हो गए है। इस पर एसडीएम उज्जैन शहर को मामले की जांच कर शीघ्र अतिशीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

पंवासा निवासी हजारीलाल ने आवेदन दिया कि वे पेशे से श्रमिक है और काफी वर्षों से कच्चे मकान में निवास कर रहे है। उनका उज्जैन में कोई अन्य मकान अथवा भूमि नहीं है अतः उन्हें शासकीय भूमि पर आवासीय पट्टा प्रदान किया जाए। इस पर एसडीएम उज्जैन शहर को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। देवास निवासी शानु बी ने आवेदन दिया कि घट्टिया विकास खण्ड के ग्राम पानबिहार में उनके स्वामित्व की कृषि भूमि पर गांव के कुछ लोगों द्वारा उन्हें कृषि कार्य करने नही दिया जा रहा है। इस पर एसडीएम घट्टिया को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। तराना तहसील के ग्राम करंज निवासी शिवनारायण ने आवेदन दिया कि गांव में स्थित शासकीय भूमि पर कुछ लोगों ने जबरन कब्जा किया हुआ है। प्रार्थी द्वारा इस संबंध में स्थानीय स्तर पर शिकायत की गई लेकिन आज दिनांक तक इस पर कार्रवाई नही हुई है। इस पर तहसीलदार तराना को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार एडीएम अत्येंद्र सिंह गुर्जर एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई।



## पं. ओम व्यास हास्य व्यंग्य का इंद्रधनुषीय फव्वारा था...

**उज्जैन।** ओम हास्याय नमः संस्था द्वारा हास्याधीश पं. ओम व्यास ओम की 64वीं जयंती पर तरण ताल स्थित ओम के ठीये पर हास्य व्यंग के सम्मान का अनूठा आयोजन किया गया।

स्टैंड अप समारोह में निमाड़ खरगोन के प्रसिद्ध गीतकार दर्द शुजालपुरी जी को वंदेमातरम अलंकरण से सम्मानित किया गया। वहीं हास्य के क्षेत्र में कवि प्यारेलाल आवारा को बुझी हुई लालटेन एवं रमेश मंदोरिया को व्यंग्य का जमानत ज़ब्त सम्मान प्रदान किया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक व्यंग्यकार मुकेश जोशी थे। अध्यक्षता प्रकाश चितौड़ा ने की। विशेष अतिथि ज्योतिषाचार्य पं. विनोद रावल थे। समारोह की भूमिका संयोजक स्वामी मुस्कुराके ने रखी। मुख्य अतिथि मुकेश जोशी ने कहा कि ओम व्यास ओम हास्य व्यंग्य का फव्वारा था। ओम की नस नस में आनंद मस्ती हास्य का व्यंग्य प्रवाहित होता था। काव्यांजलि का संचालन करते हुए कवि सुरेंद्र सर्किट ने भी काव्य पाठ किया।




## शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट का मध्य प्रदेश के उज्जैन में जिला सम्मेलन संपन्न

**उज्जैन।** शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट का मध्य प्रदेश के उज्जैन में जिला सम्मेलन सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय पदाधिकारियों द्वारा संगठन को मजबूत बनाने को लेकर सम्पूर्ण मध्य प्रदेश में दौरा कर रहे हैं। उज्जैन जिला शिवसेना शिंदे गुट के प्रमुख अविनाश गुरु के नेतृत्व में यह सम्मेलन का आयोजन था। इस सम्मेलन में 200 से अधिक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शिवसेना एकनाथ शिंदे गुटकी सदस्यता भी ली। राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा की आगामी चुनावों में शिव सेना अपने उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी व शिवसेना के कार्यकर्ता जनहित की लड़ाई भी लड़ेंगे। शिवसेना द्वारा पूरे प्रदेश में प्रत्येक जिले में कार्यकता बनायें जा रहे है। यह आयोजन नाना खेड़ा स्थित एक निजी होटल में था। बैठक में विशेष रुप से राष्ट्रीय सचिव अभिजीत अडसूल, मध्य प्रदेश प्रभारी सुरेश गुर्जर, इंदौर भोपाल के प्रमुख एडवोकेट राजीव चतुर्वेदी शामिल हुए। उज्जैन जिला अध्यक्ष अविनाश गुरु, प्रदेश सचिव दिनेश प्रजापति, शिव सैनिक कपिल गुरु, संभाग संगठन प्रमुख हितेश राज चौहान, सुरेश प्रजापति जिला प्रभारी, राजेश पटेल संभाग प्रमुख युवसेना, महिला जिला इंदौर प्रमुख बबीता चौहान आदि भी अन्य शामिल हुए।

**एक नजर** ▸ राजमाता विजया राजे सिंधिया खेल परिसर नानाखेड़ा में आयोजन हुआ

## अस्मिता किकबॉक्सिंग सिटी लीग, 480 बालिकाओं ने लिया हिस्सा




**उज्जैन। खेल और एथलेटिक भावना को बढ़ावा देते हुए खेलो इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिंग सिटी लीग का आयोजन उज्जैन के राजमाता विजया राजे सिंधिया बहुउद्देशीय खेल परिसर, नानाखेड़ा में किया गया। इस भव्य प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों की 480 बालिकाओं ने अपनी किकबॉक्सिंग प्रतिभा का प्रदर्शन किया।**

इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन विशाल सिंह सोलंकी ने किया, जिसमें गौरव रोकड़े आयोजक अध्यक्ष और रवि यादव तथा जमीर अब्बास ने संयोजक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसोसिएशन के महासचिव आशुतोष दाधीच ने बताया कि खेलो इंडिया अस्मिता' का मुख्य उद्देश्य महिला एथलीटों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करना और उन्हें खेल के प्रति प्रेरित करना है। मुख्य अतिथि राजपाल सिंह सिसोदिया प्रदेश प्रवक्ता भाजपा रहे। विशेष अतिथि एडिशनल एसपी आलोक शर्मा, ठा. शिवप्रताप सिंह चौहान प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना मप्र, अतिथि संजय सिंह बैस प्रदेश महा सचिव राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना मप्र ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामना दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के खेल अधिकारी ओपी हरोड़ के मार्गदर्शन में खेलो इंडिया और डब्ल्यूएकेओ इंडिया के संयुक्त प्रयास से प्रतियोगिता आयोजित की गई।

इस लीग का आयोजन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) और खेल एवं युवक कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों पर डब्ल्यूएकेओ इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा निर्देशित एमेच्योर स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद विश्वकर्मा और करुणा परब शितोले ने किया। खेलों इंडिया अस्मिता के सफल आयोजन पर अरविंद जोशी संस्थापक एवं ट्रेडिशनल लाठी स्पोर्ट्स एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारी गोपाल मूंगड माहेश्वरी, आनंद पंड्या, अभिलाष जैन, पूजा चौहान, पवन पंवार ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और बधाई दी।